दिनांक : 25.05.2024 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांष
आकाषवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

लोकसभा चुनाव–छठा चरण

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए आज 58 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में बिहार की आठ लोकसभा सीटें, हरियाणा की सभी दस, झारखंड की चार, दिल्ली की सभी सात सीटें, ओडीशा की छह, उत्तरप्रदेश की 14 सीटें, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू कश्मीर की एक सीट के लिए मतदान हो रहा है। ओडिशा राज्य विधानसभा के 42 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भी आज वोट डाले जा रहे हैं।

....

उपराष्ट्रपति – चुनाव आयुक्त मतदान

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा है कि मतदान करना हमारी जिम्मेदारी और ताकत दोनों है। नई दिल्ली में मतदान करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे जीवंत, सक्रिय और प्रभावी लोकतंत्र है।

वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोगों से लोकतंत्र के इस सबसे बड़े उत्सव में मतदान करने की अपील की है।

....

प्रदेश मतगणना

लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रदेश में सभी लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सतना में ईटीपीबीएस की काउंटिंग के लिये नियुक्त काउंटिंग सुपरवाइजर टीम का प्रशिक्षण 27 मई को आयोजित किया जायेगा।

उधर शिवपुरी जिले में मतगणना कर्मियों का पहला प्रशिक्षण कल शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित किया गया।

....

टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर

मध्यप्रदेश के प्रति महानगरों के बच्चों को आकर्षित करने के उद्देश्य से मुंबई और दिल्ली में किडज़ानिया मॉल में एमपी टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर शुरू किये जा रहे हैं। गौरतलब है कि घूमने के लिए पर्यटन स्थलों के चयन में बच्चे अपने घरों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि भावी पीढ़ी के साथ

जेनरेशनल बॉन्ड बनाने के विजन को लेकर यह प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किडज़ानिया के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी के तहत एमओयू कर मध्यप्रदेश टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर की स्थापना की जा रही है। इसके तहत 3डी, वर्चुअल रियलिटी, ट्रेजर हंट जैसे मनोरंजक और आकर्षक तरीके से बच्चो को प्रदेश के पर्यटन स्थलों के बारे में बताया जायेगा। इसके फलस्वरूप बच्चे अपने परिवार के साथ प्रदेश की यात्रा पर आने के लिए आकर्षित होंगे।

....

मौसम

आज से नौतपा शुरू हो गया है। ऐसा माना जाता है कि आज से अगले नौ दिनों तक सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ेगी, जिससे तेज गर्मी का असर रहेगा। प्रदेश में 2 जून तक नौतपा का असर रहेगा। मौसम विभाग ने आज गुना, अशोकनगर और निवाड़ी में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। गर्मी के मौसम में आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी गई है। लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। वहीं, दूसरी ओर मौसम विभाग ने आज छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में आंधी–बारिश का अलर्ट भी जारी किया है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- नर्मदापुरम जिले में दस्तक अभियान 25 जून से 27 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान दल द्वारा 5 वर्ष के बच्चों का घर–घर जाकर स्वास्थ्य की जांच की जायेगी। वहीं कुपोषित बच्चों को इलाज के लिए नजदीक की संस्था में भर्ती कर उपचार कराया जाएगा।
- टीकमगढ कृषि विज्ञान केन्द्रों में युवाओं को बेहतर भविष्य एंव रोजगार के लिए कल एक दिवसीय स्टार्टअप और उद्धमिता विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान जैविक खेंती, प्राकृतिक खेती एंव जैव उत्पाद के क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।
- बैतूल जिले में बंदियों को अब जेल में ही ई–संजीवनी पोर्टल के माध्यम से टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें जिला चिकित्सालय के चिकित्सक द्वारा घर से बैठकर जेल में ही बंदियों का निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण किया जा सकेगा।
- आगरमालवा जिले की ग्राम छाल्ड़ा में कल नदी पर नहाने गये तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई।
- गुना कलेक्टर ने आज जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सुविधाओं का औचक निरीक्षण कर जरुरी निर्देष दिये।

....